भीमताल झील के जलस्तर में कमी

चर्चा में क्यों?

सूत्रों के अनुसार, राज्य के [कुमाऊँ क्षेत्र]() में वर्षा और हिमपात की कमी के कारण उत्तराखंड के **नैनीताल ज़िले में** स्थित [भीमताल झील]() का **जल स्तर 22 मीटर से घटकर 17 मीटर हो गया** है।

मुख्य बिंदु:

- मौजूदा स्थिति के कारण इस पहाड़ी शहर में **पर्यटकों की संख्या में भी भारी गिरावट** आई है।
    - झील में जल का स्तर कम होने से उन **हज़ारों लोगों की आजीविका प्रभावित** होगी जो होटल और रिसॉर्ट्स सहित [पर्यटन उद्योग]() **पर निर्भर** हैं।
- अधिकारियों द्वारा झील की लगातार उपेक्षा और पूरे क्षेत्र में कई नालों को झील में बहाए जाने से स्थिति गंभीर हो गई है।

भीमताल झील

- भीमताल झील **नैनीताल ज़िले की सबसे बड़ी झील** है। यह कुमाऊँ क्षेत्र की सबसे बड़ी झील है, जिसे **"भारत का झील ज़िला"** कहा जाता है।
    - इसका नाम प्रसिद्ध महाकाव्य महाभारत के दूसरे **पांडव भीम** के नाम पर रखा गया है।
- यह एक **प्राकृतिक झील** है और इसकी उत्पत्ति का श्रेय **भू-पर्पटी के खिसकने के कारण उत्पन्न हुए कई भ्रंश** को दिया जाता है।
- इस झील का निर्माण **वर्ष 1883 में ब्रिटिश काल के दौरान** हुआ था और इस पर चिनाई-बाँध (**Masonry Dam**) बनाया गया है।
- झील के चारों ओर समृद्ध वनस्पति और जैव पारिस्थितिकी तंत्र हैं साथ ही पहाड़ी ढलानों पर **देवदार एवं ओक के घने वन** हैं।
    - सर्दियों के महीनों के दौरान यह **कई प्रवासी पक्षियों का आवास** होता है।
    - क्षेत्र में पाई जाने वाली प्रसिद्ध प्रजातियों में **बुलबुल, वॉल क्रीपर, एमराल्ड डव, ब्लैक ईगल** और **टॉनी फिश आउल** शामिल हैं।



[//]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/low-water-level-in-bhimtal-lake